कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / 103. / 2015–16 दिनांकः 26 अगस्त, 2015

अल्पकालिक निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की ओर से वर्ष 2016 की परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु पूर्व निविदा पत्रांक / उ0वि0शि0प0 / सिस्टम सेल / 81 / 2015–16 दिनांक 06 अगस्त, 2015 द्वारा दिनांक 07 अगस्त, 2015 को 'हिन्दुस्तान हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं दिनांक 08 अगस्त, 2015 को नवभारत टाइम्स के हिन्दी एवं द टाइम्स ऑफ इण्डिया के अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना के क्रमांक 1 (डाटा प्रोसेसिंग) तथा क्रमांक 3 (पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी की आपूर्ति) अंकित कार्यों हेतु नियत तिथि को मात्र दो–दो निविदा प्राप्त होने पर नियमानुसार उन्हें नहीं खोला गया। अतः डाटा प्रोसेसिंग तथा पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्ति हेतु पुनः मोहर बन्द निविदाएं निम्नवत् आमंत्रित की जाती है :–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेस्ट–मनी
1	हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा का ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र डाटा प्रोसेसिंग, फोटोयुक्त प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र प्रिंटिग, अंक पत्र मुद्रण, फोटोयुक्त प्रवेश पत्र, फोटो युक्त उपस्थिति पत्रक, डेस्क स्लिप, इण्टर माईग्रेशन प्रमाण पत्र, इंस्पायर प्रमाण पत्र मुद्रण आदि (सादी एवं प्री–प्रिंटेड स्टेशनरी सहित)।	रु0 200=00 बिक्री कर रु0 27=00 (कुल रु0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 48,000=00
2	विभिन्न प्रकार की पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी– टी0आर0, अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र–सह–अंक पत्र इत्यादि की आपूर्ति।	रु0 200=00 बिक्री कर रु0 27=00 (कुल रु0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 65,000=00

(A) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय — **दिनांक 08–09–2015 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे**

(B) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय — **दिनांक 08–09–2015 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे**

(C) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि — **दिनांक 08–09–2015 (मंगलवार) तकनिकी भाग के पश्चात्**

क्रमांक 1 के कार्य की निविदा उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश से बाहर के राज्यों से प्राप्त की जायेंगी। क्रमांक 1 हेतु वे ही फर्म निविदा करें जिन्हें उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् / केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षाफल सम्बन्धी परीक्षा पूर्व एवं परीक्षोत्तर कार्यों के डाटा प्रोसेसिंग करने का न्यूनतम 3 (तीन) वर्षों का अनुभव हो। क्रमांक 2 के पार्ट "बी" कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्ति का कार्य, उत्तराखण्ड से बाहर के राज्यों की सेक्यूरिटी प्रेस को ही आवंटित किया जायेगा। फर्म को आर0बी0आई0 / आई0बी0ए0 में पंजीकृत होना अनिवार्य है। निविदा फार्म दिनांक 07–09–2015 अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक परिषद कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा **website www.ubse.uk.gov.in** एवं **www.tenders.gov.in** की website से डाउन लोड की जा सकती है। निविदा संबंधित शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित की गयी हैं। निविदा प्रपत्र website से डाउन लोड करने की स्थिति में निविदा जमा करने से पूर्व निविदा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा तभी निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा की अन्य शर्तें एवं नियम पूर्ववत् रहेंगी। पूर्व में जिस फर्म के द्वारा निविदा प्रस्तुत की गई है उन्हें पुनः निविदा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है उनके द्वारा पूर्व प्रस्तुत निविदा को ही कार्यवाही में सम्मिलित किया जायेगा, किन्तु प्रतिबन्ध यह रहेगा कि नई फर्मों द्वारा निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने की दशा में पूर्व निविदा दाता यदि चाहे तो नियमानुसार टेण्डर फार्म क्रय कर पुनः निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में अर्नेष्टमनी पुनः जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

26/8/2015

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।